हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री



समाधान शिविर में पहुंची 64 शिकायतें निपटाएं ... 11



प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड नहीं आने पर छात्रों का ... 12




## शहर में आज

- उपायुक्त अजय कुमार लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनेंगे समस्याएं।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- लघु सचिवालय परिसर में लिपिकों का धरना जारी।

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर चौक पर 75 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देशभक्ति स्मारक स्थल नज़दीक आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर के जन्म दिवस के अवसर पर लगया गया। जिसमें 75 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती ने आशीर्वाद दिया। बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि मनीष ग्रोवर और तरुण ने युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

### मांगों को लेकर सभी एचसीएमएस डॉक्टर्स रहे पेन डाउन हड़ताल पर

# सुबह 9 से 11 बजे तक अस्पतालों की ओपीडी बंद रही, भटकते रहे मरीज

- हड़ताल के दौरान इमरजेंसी, लेबर रूम, पोस्टमार्टम तथा अन्य कार्यों को नहीं रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एचसीएमएम (हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेस) एसोसिएशन के आह्वान पर अपनी लंबित मांगों को लेकर शहर के सभी एचसीएमएस डॉक्टर्स सोमवार को 9 से 11 बजे तक पेन डाउन हड़ताल पर रहे। इसका असर प्रदेशभर के नागरिक अस्पतालों, उप मंडल अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी, डिस्पेंसरी तथा पॉलीक्लीनिक पर पड़ा। ओपीडी बंद होने के कारण मरीज परेशान रहे। एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ विश्वजीत राठी ने जानकारी दी कि एचसीएमएस डॉक्टर्स की मांगें पूरी न होने के कारण हरियाणा तथा रोहतक के सभी एचसीएमएस चिकित्सा अधिकारी 15 जुलाई को दो घंटे की हड़ताल पर रहे तथा हड़ताल पूरी तरह से सफल रही। जिसमें सभी डॉक्टर द्वारा दो घंटे तक ओपीडी के मरीज नहीं देखे गए। हड़ताल की वजह से हजारों मरीजों का उपचार देरी से शुरू हुआ। इस मौके पर सभी डॉक्टरों ने सिविल अस्पताल रोहतक पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया तथा आगे की रणनीति पर चर्चा की। डॉ राठी ने बताया कि सरकार द्वारा कोरोना वॉरियर्स जिन्होंने अपनी तथा अपने परिवार की जान जोखिम में डाल कर जनता की सेवा की उनके साथ किया जा रहा ये सुलूक बहुत ही दुखद है। अगर मांगें नहीं मानी जाती हैं तो 25 जुलाई से हरियाणा के सभी एचसीएमएस डॉक्टर पूरी तरह हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे जिसमें ओपीडी, इमरजेंसी, पोस्टमार्टम, सभी प्रोग्राम का कार्य डॉक्टरों द्वारा बंद कर दिया जाएगा।



**रोहतक।** अपनी लंबित मांगों को लेकर मीटिंग करते हुए एचसीएमएस डॉक्टर्स ।

### ये हैं प्रमुख मांगें

- एसोसिएशन की बॉन्ड कम करने की मांग सरकार द्वारा हामी भरने के बावजूद आगे नहीं बढ़ पाई है, एनईटी पीजी एक्जाम एक महीने बाद होने वाला है, मध्यम वर्ग से आने वाले सरकारी डॉक्टरों से एक एक करोड़ की दो प्रॉपर्टी गिरवी रखवाई जाती हैं जो देने में सरकारी डॉक्टर सक्षम नहीं हैं, बॉन्ड 1 करोड़ से 50 लाख किया जाए।
- डॉक्टरों की लंबे समय से मांग रही है की एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) की फाइल जो कई वर्षों से मुख्यमंत्री से अनुमति मिलने के बाद भी सरकार के पास लंबित है उसको जल्दी से जल्दी अमल में लाया जाए।
- हरियाणा के सरकारी डॉक्टरों को भत्ते दिए जाएं, डॉक्टरों द्वारा किए जाने वाले कामों के लिए सरकार द्वारा उचित गाइड लाइन जारी की जाएं ।
- स्पेशलिस्ट कैडर और स्पेशलिस्ट अलाउंस - लंबे समय से एसोसिएशन की मांग रही है की स्पेशलिस्ट कैडर को लाकर सरकार जल्दी से नोटिफाई करे तथा स्पेशलिस्ट अलाउंस दिया जाए।
- डॉक्टरों की कमी की वजह से जनता तथा डॉक्टर दोनो को समस्या का सामना करना पड़ता है तथा जनसंख्या के हिसाब से डॉक्टर काफी कम हैं जिससे कार्य की गुणवत्ता पर असर पड़ता है, पॉलिसी बदल कर नई पोस्ट बनाए तथा जो पद खाली हैं उनको जल्द से जल्द भरा जाए।
- डॉक्टरों के सभी रूटीन कार्यों प्रमोशन, एलटीसी, एसीपी केस, पोस्टमार्टम अलाउंस, सीसीएल छुट्टी अप्रूवल तथा अन्य कई कार्यों के लिए डीलिंग कर्मचारियों द्वारा कई जगह पैसे लिए जाते हैं। लंबे समय से यह भ्रष्टाचार डिपार्टमेंट में चल रहा है। जिसकी वजह से कोई भी कार्य समय पर पैसे न देने वाले डॉक्टर या अन्य कर्मचारियों का नहीं हो पाता।
- डायरेक्ट एसएमओ भर्ती कई वर्षों से बंद है, कई वर्ष बाद अचानक से अगर बड़ी संख्या में सरकार डायरेक्ट एसएमओ भर्ती करती है तो जो डॉक्टर 20 साल की नौकरी के बाद भी पहले प्रमोशन से एसएमओ तक नहीं बन पाए यह तरीका अगर अपनाया गया तो यह कोर्ट में भी चैलेंज होगा।

### पुरानी रंजिश में दिया वारदात को अंजाम

# महम के सीसर खास में युवक की हत्या, 14 लोगों पर केस

- एफएसएल टीम मौके पर पहुंचीं और साक्ष्य एकत्र किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रविवार देर रात महम थाना क्षेत्र के गांव सीसर खास में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। सूचना मिलते ही महम थाना प्रभारी सत्यपाल और एफएसएल टीम इंचार्ज सरोज दहिया मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हत्या के इस मामले में 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में सीसर खास गांव निवासी नवीन पुत्र वेदप्रकाश ने बताया कि व गांव में ही शराब ठेके की देखरेख का कार्य करता है। रात साढ़े 9 बजे उसका भाई सुनील पुत्र सोमबीर बाइक पर सवार होकर देखरेख करने के लिए ठेके पर गया था। वहां पर सचिन उर्फ भोलू पुत्र कुलदीप, बलराम उर्फ मोंटी पुत्र कुलदीप, सोहन उर्फ सोनू पुत्र जय सिंह उर्फ जैसा, अजय पुत्र कृष्ण, अंकित पुत्र मिंटू, जय सिंह पुत्र धूप सिंह का बड़ा लड़का जिसका नाम मालूम नहीं है और दो अन्य लड़कों ने मिलकर पहले हुए लड़ाई झगड़े की रंजिश रखते हुए इस हत्या कर दी। इन्होंने सुनील पुत्र सोमबीर की गोली मारकर हत्या की है। कई लोग हत्या में सलाहकार हो सकते हैं। जिनमें सीसर खास गांव निवासी विजय पुत्र सतबीर, कृष्ण पुत्र सतबीर, सुनीता पुत्नी विजय, सचिन उर्फ भोलू की पत्नी व केला पत्नी जय सिंह व सुनीता पत्नी कुलदीप व मातनहेल गांव निवासी शमशेर पुत्र जयभगवान और मातनहेल के पूर्व सरपंच जयभगवान शामिल हैं।



**महम।** सीसर खास गांव में हत्या की वारदात के बाद साक्ष्य जुटातीं एफएसएल टीम इंचार्ज सरोज दहिया।



हरिभूमि
रोहतक,मंगलवार
16 जुलाई 2024

# सहेली



अपने लविंग पार्टनर को लेकर थोड़ा-बहुत पजेसिव होना तो सामान्य है। लेकिन यह बिहेवियर जब ऑब्सेशन में बदल जाए तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है। ऐसा एक साइको कंडीशन 'लव ब्रेन' की वजह से हो सकता है। इस मेंटल कंडीशन के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे में सजग रहते हुए इसके लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जानना जरूरी है।

# पार्टनर का ऑब्सेसिव बिहेवियर लव ब्रेन का हो सकता है शिकार हो जाएं सजग

कवर स्टोरी



पूजा आनंद शर्मा
मनोवैज्ञानिक, विश्वास हीलिंग सेंटर, दिल्ली

हाल ही में सोशल मीडिया पर चीन से आई 'लव ब्रेन' की खबर सुर्खियों में रही। एक अट्ठारह साल की लड़की की अपने ब्वॉय फ्रेंड के प्रति चाहत इतनी बढ़ गई कि वह हर वक्त उसे अपने आस-पास देखना चाहती थी। वह उसकी हर एक्टिविटी पर नजर रखने लगी। ब्वॉय फ्रेंड दूर होने पर वह उसे कॉल करती रहती थी। उसका ऑब्सेसिव बिहेवियर इस कदर बढ़ गया कि वह अपने ब्वॉय फ्रेंड को दिन में सौ बार से अधिक कॉल करने लगी। गर्ल फ्रेंड के पजेसिव बिहेवियर से परेशान होकर लड़के को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। मेडिकल जांच में पता चला कि लड़की 'लव ब्रेन' की मरीज है। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## समझें ऑब्सेसिव बिहेवियर

लव ब्रेन को समझने से पहले ऑब्सेसिव बिहेवियर को जानना जरूरी है। आज के दौर में प्यार करने वाले कई लोगों में ऑब्सेसिव



बिहेवियर देखने को मिल जाता है। ऐसे लोगों में इमोशनल स्टेबिलिटी का अभाव होता है। यानी रिश्ते को लंबे समय चलाने के लिए जरूरी भावनात्मक मजबूती की कमी होती है। ऐसे लोग दूसरे के साथ रिश्ता तो कायम कर लेते हैं, लेकिन भावनात्मक मजबूती के अभाव में उस रिश्ते से बहुत जल्दी दूर भी हो जाते हैं।

## क्या हैं लक्षण

आमतौर पर जब दो शख्स एक-दूसरे से प्यार करते हैं तो वे चाहते हैं कि उनका पार्टनर उनका खूब ख्याल रखे, अपना पूरा वक्त उसे दे, सिर्फ उनके साथ ही घूमे-फिरे। जब यही प्यार दिल और दिमाग पर हावी होने लगता है, तो एक गंभीर बीमारी का रूप ले लेता है। व्यक्ति अपनी जिंदगी भूल कर बस सिर्फ अपने साथी के बारे में सोचता है। पार्टनर के प्रति वह इतना पजेसिव हो जाता है कि दिनभर उससे संपर्क रखने की पुरजोर कोशिश करता है। कई बार मैसेज भेजता है या फोन करता है। इग्नोर या रिजेक्ट किए जाने को स्वीकार नहीं कर पाता। उससे बेवजह लड़ाई-झगड़ा करने लगता है। यहां तक कि एंग्जाइटी या डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। पीड़ित व्यक्ति भावनात्मक रूप से अशांत रहता है।अपने साथी के दूर होने का डर उसे हमेशा सताता रहता है। अपने पार्टनर की अटेंशन पाने के लिए ऊटपटांग हरकतें करता है। उसमें मनोभावों को कंट्रोल करने की क्षमता कम होती जाती है, जिससे मूड स्विंग की प्रॉब्लम होती है।

## क्या हैं कारण

**सवाल उठता** है कि आखिर आंखों से शुरू होने वाला प्यार दिल और दिमाग पर इतना हावी कैसे हो जाता है, जो इतनी चिंताजनक स्थिति को जन्म देता है? इसके पीछे कई कारण हैं-

**चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होना:** लव ब्रेन, आमतौर पर उन लोगों को होता है, जो बचपन में किसी ट्रॉमा का यानी कि चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होते हैं। यानी बचपन से ही वे अपने पैरेंट्स के बीच आपस में प्यार या लगाव ना होने, उनके बीच लड़ाई-झगड़े होते देखते हैं। ऐसे बच्चों के अंतस में बचपन से ही अपने साथी पर अविश्वास करने की भावनाएं बैठ जाती हैं, जो भविष्य में या बड़े होने पर उनके व्यवहार में खुद-ब-खुद आ जाती हैं। रिलेशनशिप में अगर व्यक्ति का अपने पार्टनर के साथ गहरा संबंध स्थापित नहीं हो पाया है या पार्टनर उनके मुताबिक नहीं चलता, तो लव ब्रेन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।



**ओवर कॉन्फिडेंस होना:** व्यक्ति को भ्रम रहता है कि वह जो कर रहा है, ठीक कर रहा है। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। एक तरह से उसमें ओवर कॉन्फिडेंस आ जाता है कि उससे अच्छा कोई नहीं कर सकता, वह सामने वाले व्यक्ति पर एकाधिकार जमाने लगता है।

**एल्कोहलिक होना :** ऐसे लोगों में एल्कोहल या ड्रिंक करने की आदत जरूर पाई जाती है। भले ही शुरू में वे कभी-कभार करते हैं लेकिन धीरे-धीरे इसके आदी हो जाते हैं, अपने सामने किसी की नहीं सुनते।

**अहंकारी होना:** ऐसे लोगों में ईगो बहुत होता है। अपने आप को स्पेशल समझते हैं। उन्हें लगता है कि वह जो कर रहे हैं, वह बहुत अच्छा कर रहे हैं। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। वह अपने साथी के प्रति ऑब्सेसिव हो जाते हैं, उनके साथ अलग तरह का बर्ताव करने लगते हैं। एकाधिकार कायम करने में असफल होने पर उन्हें बुरा लगता है और गुस्से में गलत कदम तक उठा लेते हैं।

### क्या है लव ब्रेन की स्थिति

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार लव ब्रेन की स्थिति एक गंभीर मनोवैज्ञानिक स्थिति है। इसे बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर भी कहा जाता है। यह प्यार का ऐसा ऑब्सेसिव बिहेवियर है, जो बेहद खतरनाक है। इसमें व्यक्ति खुद को या अपने पार्टनर को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकता है।

## उपचार का तरीका

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ऑब्सेसिव बिहेवियर के बारे में हमें सजग रहना जरूरी है। बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर को अगर समय रहते कंट्रोल ना किया जाए तो यह बड़ी बीमारी का रूप भी ले सकता है। व्यक्ति के ऑब्सेसिव बिहेवियर में सुधार ना हो तो यथाशीघ्र मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट की मदद जरूर लें। एक्सपर्ट विभिन्न प्रकार की साइकोथैरेपी के माध्यम से व्यक्ति का बिहेवियर मॉडिफिकेशन करते हैं, जिसके लिए उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मदद लेते हैं।

## ऐसे करें बचाव

व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए तैयार करना चाहिए। जिसमें वह खुद के साथ ज्यादा वक्त बिताए, अपनी भावनाओं को समझे, अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। इसके अलावा ऑब्सेसिव बिहेवियर के बचाव के लिए कुछ और बातें भी ध्यान में रखें-

- अगर व्यक्ति अपने पार्टनर में ऑब्सेसिव बिहेवियर महसूस कर रहा है तो ऐसे में जरूरी है कि उससे कुछ समय के लिए दूरी बना लेनी चाहिए। उसे पूरा स्पेस देना चाहिए ताकि वह अपनी भावनाओं को कंट्रोल कर सके।
- ऑबसेस्ड व्यक्ति को अपनी हॉबीज के हिसाब से अपने पसंदीदा काम या क्रिएटिव एक्टिविटीज करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
- उसे अपने दोस्तों और परिवार के अन्य सदस्यों से संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार करना चाहिए। ताकि वो उनसे अपने मन की बात शेयर कर सके और तनावपूर्ण स्थिति से निकल सके।
- ऑब्सेसिव बिहेवियर के शिकार व्यक्ति को जिंदगी में किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि वह उसे पाने के लिए भरसक कोशिश करता रहे और व्यस्त रहे। वरना उसमें नकारात्मकता आ सकती है और अपने साथी के प्रति ज्यादा ऑब्सेसिव हो सकता है।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

---

मेडिकल एडवाइस

डॉ. जे. के. गुप्ता जनरल फिजीशियन, दिल्ली

अन्य मौसमों की तुलना में बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए इस दौरान एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। बारिश में बीमारी से बचने के लिए वे कौन-सी सावधानियां हैं, जिन्हें बरतना जरूरी है, जानिए।

# तब बारिश के मौसम में आप नहीं होंगी बीमार

बारिश के मौसम में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स की आशंका बढ़ जाती है। जरा-सी असावधानी होने पर सर्दी, खांसी, गले में खराश, वायरल फीवर, एलर्जी, डायरिया, फूड प्वॉयजनिंग या फिर मच्छर काटने से मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इस मौसम में हमारे शरीर की इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि मानसून के दौरान खुद को हेल्दी रखने के लिए ऐसी डाइट लें, जो इंफेक्शन से हमें बचाने में हेल्पफुल हो। अगर आप इस मौसम में कुछ छोटी लेकिन जरूरी बातों को ध्यान में रखेंगी तो इन मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन से बची रह सकती हैं और अपने परिवार के सदस्यों को भी बचाए रख सकती हैं।



**साफ-सफाई का रखें ध्यान:** स्वयं को और परिवार के सदस्यों को मच्छर के काटने से बचाने के लिए जरूरी है कि शरीर को ढंकने वाले पूरी बांह के अपर और लोअर ड्रेस पहनें, ताकि मच्छरों और दूसरे कीड़े-मकौड़ों के काटने से बचा जा सके। सुनिश्चित करें कि घर, गली के आस-पास भी गंदगी ना फैले। घर और वर्कप्लेस में इस्तेमाल होने वाले डस्टबिन को हमेशा ढंककर रखें। घर की छतों-यार्ड में पुराने टायरों, गमलों या ऐसे टूटे-फूटे सामानों को हटा दें, जिसमें पानी इकट्ठा हो सकता है। गार्डन के गमलों या मनी प्लांट जैसे पौधों के जार का पानी दो-तीन दिन में जरूर बदलें। कहीं भी पानी जमा ना हो क्योंकि जमे हुए पानी में ही मच्छर पनपते हैं।



**खान-पान में ना बरतें लापरवाही:** वैसे तो खाना हमेशा ताजा ही खाना चाहिए, लेकिन बरसात के दिनों में ज्यादा एलर्ट रहने की जरूरत है। मानसून में फूड प्वॉइजनिंग होने के चांस बहुत ज्यादा होते हैं। इससे वॉमिट आना, डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसी समस्या हो सकती हैं। इसलिए खाना बनाने से पहले सभी कच्ची सब्जियों और फलों को अच्छे से धो लें। जहां तक हो सके बाहर का खाना अवॉयड करें। अगर खाएं तो यह सुनिश्चित करें कि खाना ताजा हो। सूप, नूडल्स और पास्ता जैसी चीजें गर्म-गर्म ही खाएं। कच्चा सलाद या पहले से कटे फल ना खाएं। नॉनवेज यहां तक कि अंडा भी ना खाएं। इन दिनों नॉनवेज में बहुत जल्दी बैक्टीरिया पनपते हैं। इनसे पेट खराब हो सकता है। इस मौसम में ठंडे ड्रिंक्स के बजाय गर्म या हल्की गर्म ड्रिंक्स का सेवन करें। हर्बल टी, ग्रीन टी या कैमोमाइल टी भी पी सकती हैं।

प्रस्तुति: ललिता गोयल

### बरतें ये भी सावधानियां

- बची हुई आइसक्रीम या मिल्क प्रोडक्ट्स को दोबारा फ्रिज में ना रखें। ऐसा करने से उसमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना रहती है।
- इस मौसम में सभी तरह की सॉस, चटनी या केचअप का कम से कम सेवन करें। इन चीजों को नॉर्मल टेंप्रेचर में रखा जाता है, जिसके कारण इसमें अधिक बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।
- दूध से बनी मिठाइयां भी तब तक ना खाएं, जब तक उसको कंट्रोल्ड टेंप्रेचर यानी फ्रिज में ना रखा गया हो ।
- मसालेदार, ऑयली, जंक, स्ट्रीट और पैक्ड फूड्स के साथ शराब और धूम्रपान से दूरी बनाकर रखें।
- हमेशा खाना खाने से पहले, खाना खाने के बाद और वाशरूम का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को एंटी-बैक्टीरियल हैंडवाश या सोप से अच्छी तरह धोएं।
- अगर आपको लूज मोशन या अनडाइजेशन की समस्या हो रही है तो ओआरएस का घोल बनाकर पिएं। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को मेंटेन करने में मदद करेगा।
- बारिश के दिनों में बड़ों और बच्चों को स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स जैसे स्किन एलर्जी, रैशेज हो जाती हैं। इनसे बचने के लिए कोशिश करें बारिश में बॉडी को ड्राय रखें।

---

टिप्स

# ट्विजर से बनाएं परफेक्ट आईब्रो शेप

आपका चेहरा तब और खूबसूरत नजर आता है, जब आईब्रो की शेप परफेक्ट हो। अलग-अलग चेहरे पर अलग तरह की आईब्रो शेप अच्छी लगती हैं। लंबे चेहरे और गोल चेहरे पर बो (धनुषाकार) शेप, ओवल फेस पर ऊपर की ओर उठी हुई आईब्रो अच्छी लगती हैं। वैसे तो सैलून में जाकर थ्रेडिंग, वैक्सिंग के जरिए आईब्रो बनवाई जाती है। लेकिन घर पर ट्विजर प्लकर की मदद से भी आईब्रो को परफेक्ट शेप दी जा सकती है। इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है।



- घर में आईब्रो को खूबसूरत आकार देने के लिए पहले देखें कि वे शुरू कहां से हो रही हैं और इन्हें कहां तक बनाना है? एक सफेद आईलाइनर की मदद से जैसी आईब्रो आपको चाहिए, फेस पर उतनी मार्क कर लीजिए। इसके बाद आईब्रो के अनचाहे बालों को निकाल लें। आईब्रो की छंटाई के लिए सही और अच्छी क्वालिटी का ट्विजर प्लकर ही इस्तेमाल करें।
- आईब्रो बनाने के बाद अगर लगे कि इनके शेप में डिफरेंस है तो ट्विजर की मदद से मोटी आईब्रो को नीचे से शेप देने की बजाय आईब्रो को ऊपर की तरफ से शेप दें।
- अगर आईब्रोज बहुत हैवी हैं तो उन्हें सही शेप दें, उन्हें पतली ना बनाएं। अगर आईब्रो ज्यादा पतली बन गई हैं तो इन्हें और ज्यादा ना छेड़ें। इनकी दोबारा ग्रोथ होने का इंतजार करें।
- आईब्रो बनाने के बाद एस्ट्रिंजेंट लोशन या क्रीम जरूर लगाएं।

-सहेली फीचर्स

---

ब्यूटी



शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

कई पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना, त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसका फेस पैक स्किन से जुड़ी कई प्रॉब्लम्स को दूर करने के साथ ही उसे निखारता भी है। यही नहीं, बालों को मजबूत और डेंड्रफ-फ्री बनाने में भी पुदीना बहुत यूजफुल है।

# निखरी त्वचा के लिए यूज करें पुदीना

पुदीने यानी मिंट की भीनी-भीनी खुशबू और स्वाद से हम सभी परिचित हैं। पुदीना लगभग हर भारतीय घर की रसोई में आसानी से मिलता है। यह ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि त्वचा को निखारने और बालों को कोमल-मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ स्किन को कूल रखने, कील-मुंहासों को दूर करने और चेहरे की सूजन कम करने में सहायक होता है। इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी किया जाता है।

**पिंपल्स-टैनिंग करे दूर :** पिंपल और टैनिंग की प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मिंट फेस पैक को यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए बाउल में पुदीने की कुछ पत्तियों का रस निकालें। अब इसमें एक खीरे को छीलकर कद्दूकस कर लें। इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द-गिर्द खुले अंगों पर आधे घंटे तक लगाकर रखें। इसके बाद ताजे पानी से धोएं। इसे लगाने से पिंपल्स और टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। पिंपल की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो पुदीने के रस में नारियल तेल मिलाकर लगाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पिंपल दूर हो जाएंगे। इसके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लगेंगे।



**ऑयली स्किन फेशियल :** मिंट फेशियल, ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए बाउल में दो बड़े चम्मच ताजा पिसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाए रखें, फिर हल्के हाथ से मसाज करते हुए ताजे पानी से चेहरा धो लें।

**स्किन ब्राइटनिंग :** पुदीने और गुलाब जल का पैक, स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर पैक बनाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ देर लगाने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें। गुलाब जल स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। इसके अलावा केले और पुदीने के रस का फेस पैक भी स्किन ब्राइटनिंग के लिए अच्छा है। इसे बनाने के लिए एक पके हुए केले को मैश कर लें। अब इसमें पुदीने की कुछ पत्तियों का पेस्ट मिलाएं। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे ठंडे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से चेहरे पर एक निखार आएगा।



**बाल बनाए डेंड्रफ-फ्री :** अगर आपके बाल पतले हैं और उसमें रूसी यानी डेंड्रफ है तो इसके लिए भी पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। इसके साथ पुदीने का हेयर मास्क भी इफेक्टिव हो सकता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के 10-12 पत्ते पीस लें। अब इसमें पिसे चने की दाल और दही मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने के आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से बालों की दोनों समस्या से आपको निजात मिलेगी।

---

पैरेंटिंग / रेखा शाह आरबी

आपका बच्चा पढ़ता तो खूब है, लेकिन उसे याद नहीं रहता। बच्चे को अपना पढ़ा याद रहे, इसके लिए आपको बच्चे में कुछ आदतें डालनी होंगी। इसके बाद आप देखेंगी कि बच्चे को पढ़ा हुआ याद रहने लगा है।

# क्या आपका बच्चा याद किया हुआ जल्दी भूल जाता है

बच्चों के स्कूल खुल चुके हैं, उनकी पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब अगर आपको इस बात की चिंता सता रही है कि आपका बच्चा पढ़ा हुआ बहुत जल्दी भूल जाता है तो नई क्लास में कैसे अच्छा परफॉर्म करेगा तो यह जान लें अधिकांश पैरेंट्स को यह शिकायत रहती है कि उनका बच्चा जो पढ़ता-लिखता है, भूल जाता है। कहने को तो बच्चे खूब मेहनत भी करते हैं, लेकिन बच्चों को भूलने की दिक्कत का सामना, स्कूल और घर दोनों जगह करना पड़ता है। इससे उनका रिजल्ट भी प्रभावित होता है। बच्चों की भूलने की आदत उनके करियर पर नेगेटिव असर डालती है। बच्चे मेहनत से एग्जाम की भरपूर तैयारी भी करते हैं, लेकिन एग्जाम के समय सब कुछ भूल जाते हैं, इससे बच्चों का कॉन्फिडेंस कम होता है। ऐसे बच्चों पर पैरेंट्स को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। उस पर गुस्सा करने के बजाय यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि आखिर इसके पीछे कारण क्या है? इस समस्या के निदान के लिए प्रयत्न करना चाहिए, जिससे बच्चा पढ़े गए लेसन को लंबे समय तक याद रखे। इसके लिए पैरेंट्स अगर कुछ छोटे-छोटे उपाय अपनाएंगे तो बच्चा अपना पढ़ा लेसन जल्दी नहीं भूलेगा। उसके नंबर एग्जाम में अच्छे आएंगे।

**लिखकर करे याद:** जो बच्चा अपना पढ़ा लेसन बार-बार भूल जाता है, ऐसे बच्चे को लिखकर याद करवाएं। स्वयं का लिखा हुआ बच्चा जल्दी भूल नहीं पाएगा। बच्चा जब पढ़ने के लिए बैठता है तो उसका मन भी इधर-उधर भटकता है, लेकिन लिखते समय वह पूरे ध्यान से लिखता है तो उसे अपना लेसन याद रहता है। लिखकर याद करते समय आप जरूरी प्वाइंट्स को बच्चे से अंडरलाइन भी करवा सकती हैं। इससे बच्चे का कंसंट्रेशन बढ़ेगा। उसे अपना पढ़ा हुआ याद रहेगा।



**नोट्स जरूर बनवाएं:** आजकल अनेक बच्चे मोबाइल पर भी पढ़ते हैं। ऐसे में बच्चे लिखते बहुत कम हैं। इससे बच्चे की मेमोरी कमजोर होती है, क्योंकि मोबाइल पर बच्चे को सिर्फ रीडिंग करना होता है, लिखना बहुत कम रहता है। ऐसे में उसे कोई लेसन पूरी तरह याद नहीं रहता, जबकि नोट्स बनाने पर आमतौर पर बच्चे को आधे से अधिक लेसन लिखते समय ही याद हो जाता है। इसलिए बच्चे को हर सब्जेक्ट के नोट्स बनाने की आदत जरूर बनाएं।



**ग्रुप स्टडी:** कई बार बच्चे को अकेले पढ़ना-लिखना ऊबाऊ लगता है। इसलिए बच्चे ग्रुप स्टडी करें। इससे बच्चा अन्य बच्चों से प्रभावित होकर स्वयं ही पढ़ाई की तरफ ध्यान देने लगेगा। वह अन्य बच्चों को पढ़ता देखकर पढ़ने के लिए प्रेरित होगा, अपने साथियों की तरह अच्छे अंक लाने की कोशिश करेगा।

**बीच-बीच में ब्रेक दें:** कुछ पैरेंट्स बच्चों को लगातार पढ़ने के लिए जोर देते हैं, जो सही नहीं है। थके शरीर और दिमाग के साथ बच्चे को कुछ भी याद नहीं होगा। इसलिए बहुत जरूरी है, पढ़ाई के समय बीच में उसे ब्रेक दें। उसे अन्य कामों को करने के लिए कहें, जैसे-कोई फिजिकल गेम या कोई अन्य फिजिकल एक्टिविटी करे। इससे बच्चे का दिमाग फ्रेश होगा, पढ़ाई पर अधिक फोकस करने से उसका परिणाम बेहतर होगा।

**रिवीजन करवाएं:** बच्चे ही नहीं बड़े भी एक बार पढ़कर याद नहीं रख पाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को बार-बार रिवीजन कराती रहें। बच्चे को पढ़े हुए लेसन बार-बार दोहराने से उसे सारे लेसन याद रहेंगे फिर क्लास में उसके अच्छे नंबर आएंगे। उसका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा।

## खबर संक्षेप



### मकड़ौली व काहनी में मेले का आयोजन किया

**रोहतक।** ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा गांव मकड़ौली कलां और काहनी गांव में किशोर-किशोरी मेले का आयोजन किया। इस मेले के दौरान बताया गांव समुदाय में जो समस्याएं आती हैं उनको लेकर हम कैसे समाधान निकाल सकते हैं। मेले में बताया गया कि हम उन समस्याओं को कैसे एक ग्रुप के माध्यम से हल कर सकते हैं। इसमें बताया गया कि गांव में किशोर और किशोरियों को अपने सपनों तक पहुंच बनाने के लिए कैसे वह गांव के मुखिया के सामने अपनी बातचीत रखते हैं जैसे लाइब्रेरी की समस्या, गलियों में स्ट्रीट लाइट की समस्या, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और पीने के पानी की समस्या को लेकर नाटक किया गया। ब्रेकथ्रू संस्था से रोहतक - झज्जर की वरिष्ठ प्रबंधक मीना रानी ने बताया कि युवा अपने माता पिता के सामने अपनी बात खुलकर नही कर पा रहे हैं। ब्रेकथ्रू किशोर - किशोरी और युवाओं को सपने देखने के लिए प्रेरित करता है।

### जिला प्रशासन हर कार्य दिवस पर आयोजित कर रहा समाधान शिविर

# समाधान शिविर में पहुंची 64 शिकायतें निपटारे के लिए अधिकारियों को सौंपी

- समाधान शिविर में शिकायतों का जल्द किया जा रहा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिला व मंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा किया जा रहा है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में 64 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को मौके पर निपटारे के लिए सौंपा गया।

#### शिकायतों पर ली जा रही अधिकारियों से रिपोर्ट

लम्बित शिकायतों पर भी अधिकारियों से रिपोर्ट ली जा रही है। अजय कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा के साथ समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुन रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे हर कार्य दिवस आयोजित होने वाले समाधान शिविर में उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतों का मौके पर निपटारा करें। इन समाधान शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर ही शिकायतों के निपटारे की कार्रवाई शुरू कर देते हैं तथा यथाशीघ्र शिकायत का निपटारा कर दिया जाता है।

अजय कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया जाता है। प्रोपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों को नगर निगम द्वारा निपटाया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित शिकायतों का निपटारा समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में उपस्थित रहकर विभाग से संबंधित शिकायतों का निपटारा कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए उपायुक्त अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग।

## न्यूज डायरी

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बडोली का किया स्वागत



**रोहतक।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली रविवार को सत बाबा सावल शाह बाबा प्रेमदास धाम भिवानी चुंगी पहुंचे। जहां महामंडलेश्वर राघवेंद्र भारती व स्वामी शंकरानंद महाराज ने उन्हें आशीर्वाद दिया। सभी भक्तों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान संगठन महामंत्री फनीन्द्र नाथ शर्मा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर आदि ने भी माथा टेककर भगवान शंकर का पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, नरेंद्र गहलावत, विजय विज, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपू नागपाल, सन्नी मेहता, रॉकी सहगल, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया



**रोहतक।** बच्चों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाते हुए प्रधानाचार्या ममता मलिक।

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में तंबाकू फ्री एजुकेशन इंस्टीट्यूशन थीम पर कक्षा नौवीं के छात्रों ने पेंटिंग, स्किट, स्लोगन, भाषण व प्रश्नोत्तरी आदि गतिविधियों द्वारा तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। बच्चों ने बताया कि तंबाकू का सेवन करने से कैंसर जैसी भयावह बीमारी हो सकती है। सभी को इससे होने हृदय रोग, कैंसर, फेफड़ों, ब्रेनस्ट्रोक और दांतों में मसूड़े की सड़न जैसी कई खतरनाक बीमारियों के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्या डॉक्टर ममता मलिक ने बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभाव से अवगत करवाया और बच्चों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों को इनके दुष्परिणामों से अन्य लोगों को भी अवगत करवाने के लिए कहा। इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक, उपप्राचार्या मशेंका, रेशमा, रेखा, रितु ,विन्नी, किरण, नवनीत, सुमन रानी, सीमा, रुचि, रेशमा, दीपमाला आदि उपस्थित रहे।

### अर्पण में पौधरोपण व पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई



**रोहतक।** अर्पण संस्था परिसर में सोमवार को मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम से अभियान के तहत पौधरोपण भी करवाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका द्वारा बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा हम सभी को एक-एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। दीपिका भारत गैस भिवानी चुंगी की ओर से भाजपा जिला पर्यावरण प्रमुख राजेश सुनारिया और कविता सिंहमार की अध्यक्षता में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर स्कूल इंचार्ज नीलम कटारिया ने कहा कि जुलाई और अगस्त माह में सबसे ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। संस्था में तीन ग्रुप में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 5 से 12 साल के आयु वर्ग में स्नेहा को प्रथम स्थान, नूर को द्वितीय स्थान व अंश को तृतीय स्थान दिया गया। 12 से 20 साल के आयु वर्ग में मोहित को प्रथम स्थान, कृतिका को दूसरा स्थान व अनुराधा को तृतीय स्थान मिला।

# रोहतक में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य : जैन



**रोहतक।** सेक्टर-1 स्थित मॉडल पार्क में पौधारोपण करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर व विजय जैन।

- सभी लोग अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाएं : ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

एलपीएस बोसार्ड, बीपी जैन, यूपीएस लक्ष्मी के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण अभियान के तहत सेक्टर-1 स्थित मॉडल पार्क में पूर्व सहकारिता मंत्री हरियाणा मनीष ग्रोवर के 70वें जन्मदिवस पर एक त्रिवेणी व 235 पौधे लगाए गए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि सोमवार को पौधरोपण करके एलपीएस बोसाड के एमडी राजेश जैन द्वारा चलाए गए विशाल पौधरोपण अभियान की शुरूआत की गई। पौधरोपरण 1 सितंबर तक चलेगा। इसके तहत शहर व गावों एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। मनीष ग्रोवर ने कहा कि हम जितने अधिक पेड़ लगाएंगे उतना ही वातावरण शुद्ध होगा। पेड़ों के बिना जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं। विजय जैन ने कहा कि हमें अपने घरों के आसपास जहां पर भी खाली जगह हो वहां पेड़ लगाने चाहिए। इस अवसर पर राजीव जैन, सन्नी निझावन, पवन मिश्रा, योगेश अरोड़ा, प्रमोद, मुल्खराज, सुभाष, बलराज मलिक, दयांनद, राकेश खत्री, भारत भूषण, मोहन लाल तलवार, हरिंद्र खुराना, जोगिन्द्र खुराना आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाएगी व्यक्तिगत ऋण योजना : अजय

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर तथा स्वावलम्बी बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना क्रियान्वित की जा रही है। हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही योजना के तहत प्रदेश की स्थानीय निवासी महिलाओं को बैंकों के माध्यम से एक लाख रूपए तक ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। अजय कुमार ने बताया कि व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान जिला में 74 केसों का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत एक लाख 80 हजार रूपए से कम वार्षिक आय वाली स्थानीय महिलाएं योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- हिन्दू इंस्टीट्यूट में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में सोमवार को पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के जन्मदिन पर पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मनीष ग्रोवर ने सभी के साथ मिलकर 70 पौधे लगाए। पौधरोपण करने के साथ-साथ उनके संरक्षण करने का भी संकल्प लिया गया। एचआईएमटी के डायरेक्टर डॉ. हितेश ढल ने कहा कि हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण योगदान पेड़ पौधों का ही होता है। विभागाध्यक्ष डॉ. आशुमणि भाटिया व विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा नागपाल ने छात्र-छात्राओं को पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। इस अवसर पर उपप्रधान अश्वनी खुराना, जनरल सेक्रेटरी जितेंदर मेहता, मैनेजर (हिन्दू कॉलेज ) श्याम कपूर, मैनेजर (हिन्दू स्कूल) अजय निझावन, दिनेश दुआ, गुलशन, गुलशन ढल, रमेश लूथरा, प्रदीप सपड़ा, भारत भूषण बठला, शिवादित्ता बाला, आत्मप्रकाश आहूजा, ओम प्रकाश जुनेजा, संजय आहुजा, विशाल भाटिया, संजय आहूजा, जतिन लूथरा, ओम कालरा, ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी विरेंदर दुआ, प्राचार्य हिन्दू कॉलेज डॉ. अनील तनेजा, हिन्दू पब्लिक स्कूल प्राचार्या डॉ. मीनू कुमार, विकास विज, आरती ढल, डॉ. ज्योति उप्पल, मीनू, मीनल, डॉ. ज्योति जैन, तन्नू, डॉ. ऋतू हरजाई, छवि, पूजा, तनुजा आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** पौधरोपण करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के पदाधिकारी।

### जाट शिक्षा समिति के पदाधिकारी सम्मानित

**रोहतक।** जाट शिक्षा समिति के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना व गर्वनिंग बॉडी व कॉलेजियम सदस्यों के सम्मान में गांव सिद्धिपुर लोआ व गांव भैंसवान खुर्द में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव पहुंचने पर प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उपप्रधान धर्मराज व महासचिव नवदीप (मोनू) का ग्रामीणों द्वारा पगड़ी बांधकर व फूल मालाओं से स्वागत किया गया। गांव सिद्धिपुर लोआ व गांव भैंसवान खुर्द के ग्रामीणों ने संस्था प्रधान और सभी पदाधिकारियों से कहा कि उन्हें गांवों की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी। प्रधान ने कहा कि सिद्धिपुर लोआ गांव का संस्था के विकास में सबसे अहम व बड़ा योगदान है। इस गांव में जन्मे चौधरी उदयसिंह मान ने संस्था में कई बार प्रधान पद को सुशोभित करते हुए संस्था के मान-सम्मान को चार चांद लगाए हैं। सिद्धिपुर लोआ गांव में दिलीप सिंह मान, राजेश मान, पहलवान सुजीत, लखेरामान, अशोक मान, रामचंद्र रूहिल, मांगेराम, रमेश मान व नरेश मान मौजूद रहे। भैंसवान खुर्द गांव के स्वागत समारोह में उपप्रधान धर्मराज, महासचिव नवदीप (मोनू), कॉलेजियम सदस्य जोगेंद्र कोच, राजेश तहलान, पवन काद्यान, देवेंद्र बालंद, राजू बलियाना, सुरेंद्र ढुल, वेदपाल नैन, जयकुमार नीटू, वेदपाल, सुंदर दिमाना, सुनील फरमाना, सुनील अहलावत, अभिमन्यु भालौठ के अलावा सरपंच सुनील नसीर, दिलबाग मलिक, आजाद नंबरदार, टेकराम मलिक, अजमेर दहिया, अशोक ठेकेदार, चेयरमैन रामफल आदि उपस्थित रहे।

# लिव-इन रिलेशनशिप को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा जाए : कृष्णदेव शास्त्री

- आर्य समाज बोहर में सत्संग एवं राष्ट्र कल्याण यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

आर्य समाज बोहर में मासिक सत्संग एवं राष्ट्र कल्याण यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के यज्ञमान पहलवान राजकुमार नांदल, आर्य विशाल नांदल रहे। मंच संचालन डॉ. रविंद्र आर्य ने किया। प्रवक्ता कृष्णदेव शास्त्री ने खाप पंचायतों के निर्णय का समर्थन करते हुए, आर्य समाज बोहर के सैकड़ों आर्यों से लिव-इन रिलेशनशिप के विरोध में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करवाया। उन्होंने सरकार से मांग कि लिव-इन रिलेशनशिप को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा जाए। यह प्रथा हमारी संस्कृति के विरुद्ध है, इससे युवा पीढ़ी सहित सारे समाज पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इससे सामाजिक ढांचा और मर्यादा छिन्न-भिन्न हो जायेगी। घर परिवारों में लड़ाई झगड़े दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है। इस कानून को समाप्त करने के लिए यदि पंचायत आंदोलन करेंगी, तो आर्य समाज इस आंदोलन में सहयोग करेगा।



#### ईश्वर उपासना का महत्व बताया

मुख्य वक्ता दिल्ली से आये आचार्य यशवीर ने ईश्वर उपासना का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ईश्वर उपासना से यम-नियम का पालन करने की शक्ति मिलती है। सुशील आर्य ने प्रेरणादायक भजन सुनाये। यज्ञ ब्रह्मा आचार्य स्वतंत्रतानंद शास्त्री रहे। सत्संग में आये बच्चों ने गीत और कविताओं की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर आर्य समाज बोहर के प्रधान धनीराम, अजय नांदल, आर्य संजीव कंसला, बिजेंदर नांदल, डॉ. दीपेंद्र प्रधान मस्तनाथ नगर, कवि अंकुर आनंद, आर्य वीरेंद्र लाठर, देवेंद्र आर्य जुलाना, हंसराज नांदल, जगबीर आर्य, एडवोकेट शीशपाल बेनीवाल, डॉ. यश देव शास्त्री, कंवर सिंह गुलिया, सुखबीर सिंह दहिया, डॉ. रूपेश श्योराण, लता आर्या, पूजा आर्या, सरिता आर्या, आर्य समाज के भजन उपदेशक सुशील आर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लिपिकों ने दिया सांकेतिक धरना



**रोहतक।** राज्य टीम के आह्वान पर डीसी कार्यालय के सामने लिपिकों ने सोमवार को सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान कार्यालयों में कामकाज प्रभावित रहा। हालांकि एक सरकारी कार्यालय से केवल दो कर्मचारियों को धरने पर बुलाया गया। सुबह नौ बजे से दो बजे तक धरना दिया गया। मांगें पूरी नहीं होने पर रोजाना धरना दिया जाएगा। जिला रोहतक के प्रधान संदीप दांगी ने बताया कि संगठन की मीटिंग 10 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव खुल्लर के साथ तय हुई थी। जिसका कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला। सरकार का रवैया तानाशाही पूर्ण था। 14 जुलाई को सीएडब्ल्यूएस के राज्य प्रधान बलजीत जून ने रोहतक में प्रेस कान्फ्रेंस करके सरकार को चेताते हुए आगामी रणनीति के बारे में अवगत कराया था। साइकिल यात्रा के साथ-साथ जिला स्तर पर जनहित को ध्यान में रखते हुए सिर्फ सांकेतिक धरना करने की बात कही गई थी।

इसी कड़ी में डीसी कार्यालय पर धरना दिया गया। जिला सचिव सुनील राठी ने कहा कि आगामी मीटिंग 16 जुलाई को तय हुई है। अगर सरकार अभी भी लिपिक वर्ग की अनदेखी करती है तो लिपिक वर्ग अब और सहन नहीं करेगा और कड़े कदम उठाने पर मजबूर होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदार सरकार की होगी।

### सूर्यकवि पं. लखमीचंद को जयंती पर किया नमन

**रोहतक।** सोमवार को नए बस स्टैंड के पास सूर्यकवि पंडित लखमीचंद की जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। पं. लखमीचंद विचार मंच के अध्यक्ष रणधीर भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने हरियाणवी संस्कृति को देश में एक अलग पहचान दिलाई। उन्होंने हरियाणा सरकार से उनकी जयंती प्रदेश स्तर पर मनाए जाने की मांग की है। इस मौके पर हरियाणा फ्लोरबाल संघ के अध्यक्ष प्रवीण कौशिक, बिजेंद्र शर्मा, नवीन शर्मा, बल्लू शर्मा, कर्मबीर कौशिक आदि मौजूद रहे।

### सूचना

मैं, ओमप्रकाश पुत्र श्री रामकरण निवासी गांव आंवल (59) जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र पुरशोतम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### एसपी गर्ग ने 27 जवानों को सराहनीय पत्र देकर किया सम्मानित

# अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई

- पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

पुलिस लाइन में सोमवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने परेड की सलामी ली और पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रजनीश, उप पुलिस अधीक्षक विरेन्द्र व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। परेड में जिले के सभी प्रभारी थाना,चौकी, पुलिस कार्यालय ऑफिस व जिला मे तैनात सभी जवानों ने हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने राइडर पर तैनात सभी स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अपने एरिया मे निरंतर गश्त करे। राइडर अपने एरिया मे अतिक्रमण करने वालों व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करें व उनका सामान जब्त करे। क्राइम होटस्पोट एरिया, सुनसान एरिया जहां पर लूट, चोरी, स्नैचिंग आदि की वारदातों की संभावनाएं ज्यादा है उन एरिया में निरंतर गश्त करें। दिन के समय राइडर पर तैनात जवान यह सुनिश्चित करे कि उसके एरिया में जाम की स्थिति ना बने। सूचना मिलने पर तुंरत मौके पर पहुचे। आपराधिक वारदात होने पर अपने उच्च अधिकारियों से तुंरत सम्पर्क करें। अपने अधिकारी के आदेशों की दृढता के साथ पालना करे। कानून व्यवस्था की विकट परिस्थिति से निपटने के लिए लॉ एंड आर्डर कम्पनी को पुलिस लाईन में अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान जवानों को कानून व्यवस्था स्थिति के दौरान दंगा निरोधक उपकरण चलाने बारे जानकारी दी गई। जवानों को दंगा निरोधक उपकरण जैसे लाठी-डंडा चार्ज, केन-शील्ड, धकेल पॉजीशन आदि का बारिकी से अभ्यास कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सराहनीय काम करने वालो व वारदातो को जल्द हल करने वाले 27 अधिकारी व जवानों को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया है। परेड के बाद अर्दली रूम लगाया गया जिसमें जवानों की समस्याओ को सुना गया व तुरन्त निपटारा किया गया।



**रोहतक।** पुलिस अधिकारी व जवानों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग।

मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र
▲ मन उदास रहना (डिप्रेशन),
▲ चिन्ता करना, नींद की समस्याए
▲ फिजूल के विचार आना (OCD)
▲ सिरदर्द (माइग्रेन) ▲ शक-वहम होना
▲ सभी प्रकार के दौरे ▲ बाईपोलर डिसार्डर
▲ भूलने की बीमारी ▲ नशा मुक्ति
➤ अत्यधिक गुस्सा करना ➤ स्किजोफ्रेनिया,
➤ घबराहट ➤ बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
➤ बेचैनी
यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466
8685805302

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
BHGYASHREE
Bollywood Actors
DR. KAWATRA
M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS 2
- RMO 2
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**

## नायाब तहसीलदार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने गांव जिन्दराण में रामचंद्र बनाम अन्य के मामले में कब्जा कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत रोहतक के नायाब तहसीलदार बंसीलाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर डयूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

## सूर्य कवि बाजे भगत की स्मृति में कार्यक्रम आज

**रोहतक।** सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 16 जुलाई सूर्य कवि बाजे भगत की स्मृति में कन्हेली से पहरावर रोड पर बनाए जाने वाले स्मारक की आधारशिला डा. सन्दीप द्वारा रखी जाएगी। इस मौके पर रागनी कार्यक्रम होगा व भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान सुरेश राणा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई जमीन पर भव्य इमारत बनाई जाएगी, जिसमें पहली मंजिल पर कम्युनिटि हॉल, दूसरी मंजिल पर लाइब्रेरी, तीसरी मंजिल पर संगीत कला केन्द्र व चैथी मंजिल पर ट्रस्ट का कार्यालय बनाया जाएगा। सुबह 9 बजे हवन होगा।

# प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड नहीं आने पर छात्रों का प्रदर्शन

### सुनवाई नहीं हुई तो अधिकारियों की मीटिंग में घुसे , डीन अकादमिक अफेयर्स ने सुनी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड न आने से परेशान छात्रों ने सोमवार को इनसो छात्र नेता दीपक मलिक के नेतृत्व में एमडीयू सचिवालय में प्रदर्शन किया। जब आधा घंटा प्रदर्शन करने के बाद भी छात्रों की बात सुनने के लिए एमडीयू का कोई अधिकारी नहीं आया तो दीपक मलिक सभी छात्रों को लेकर नारेबाजी करते हुए मीटिंग में घुस गए। इसके बाद एमडीयू रजिस्ट्रार और डीन अकादमिक अफेयर्स ने बाहर आकर छात्रों की बात सुनीं और मांगों को पर सुनवाई का आश्वासन दिया।

छात्र नेता दीपक मलिक ने कहा कि एमडीयू में पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स की दाखिला प्रक्रिया चली हुई है, एमडीयू में प्रवेश परीक्षा के आधार पर पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स में दाखिले होते हैं, प्रणाली में खामियां होने के कारण सैकड़ों छात्र प्रवेश परीक्षा देने से वंचित रह गए। इनसो नेता दीपक मलिक ने कहा एमडीयू की कमियों के कारण 1 साल से प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का एडमिट कार्ड नहीं निकल पाया, जिससे छात्र प्रवेश परीक्षा देने से वंचित रह गए और बिना प्रवेश परीक्षा दिए दाखिला नहीं हो सकता। बहुत सारे कोर्स में छात्रों के एडमिट कार्ड नहीं निकले।

**एमडीयू की जगह दे रहे थे गुरुग्राम कैंपस में दाखिला:** इनसो छात्र नेता दीपक मलिक ने कहा कि मुख्य रूप से एमबीए करने के इच्छुक छात्रों के साथ बहुत दुर्भाग्यपूर्ण हुआ। एमडीयू इम्सार डिपार्टमेंट में दाखिला लेने के इच्छुक छात्रों ने एमडीयू कैंपस का फॉर्म भरा मगर बाद में उन्होंने कहा गया कि आपने तो गुरुग्राम कैंपस का फॉर्म भरा है। जबकि गुरुग्राम कैंपस में एमबीए का कोर्स बिना प्रवेश परीक्षा के मेरिट के आधार पर होता है। जिसकी वजह से सैकड़ों छात्र दाखिला लेने से वंचित रह गए। दीपक मलिक ने एमडीयू प्रशासन को मांग पत्र दिया और कहा कि उन सभी छात्रों को भी दाखिला दिया जाए जो एमडीयू की कमियों की वजह से गलत फॉर्म भरे गए, उनके लिए भी कोई रास्ता निकाला जाए।


रोहतक। अपनी मांगों के लिए एमडीयू रजिस्ट्रार और डीन अकादमिक अफेयर्स को ज्ञापन देते हुए इनसो छात्र नेता।

### कमेटी गठित कर निकालेंगे रास्ता

रजिस्ट्रार गुलशन तनेजा व एमडीयू डीन एकेडमी अफेयर्स ने कहा कि इसके लिए कमेटी का गठन कर जल्द उन सभी छात्रों के लिए कोई रास्ता निकाला जाएगा। छात्र नेता दीपक मलिक ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम लगातार छात्रों के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुन रही है और जो भी जरूरी समाधान प्रशासन कर सकता है उसके लिए इनसो टीम कोशिश कर रही है। अगर इस मांग को पूरा न किया गया तो दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा।




## एआईडीएसओ ने लगाया हेल्प डेस्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

छात्र संगठन आल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाईजेशन (एआईडीएसओ) ने पोस्ट ग्रेजुएट विषयों की प्रवेश परीक्षा के लगातार दूसरे दिन छात्रों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क लगाया। छात्र नेता उमेश मौर्य ने कहा कि एआईडीएसओ के कार्यकर्ताओं ने छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में मदद की। सोमवार को यूनिवर्सिटी में रसायन विज्ञान, पत्रकारिता, गणित, भौतिक विज्ञान और मनोविज्ञान विषयों की प्रवेश परीक्षा हुई। जिसमें हरियाणा से हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया। एआईडीएसओ छात्रों की मदद के लिए आगे आया। इस मौके पर उमेश मौर्य, मनीषा, प्रतिभा, अमरदीप, मनीष, नेहा आदि मौजूद रहे।

## चोरी मामले में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने गांव सैम्पल मे आंगनबाडी मे चोरी की वारदात मे दो साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रभारी थाना कलानौर निरीक्षक सुलेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव सेंपल निवासी कविता की शिकायत के आधार पर अभियोग अंकित कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कविता गांव सैंपल मे आगंनबाडी की इंचार्ज है। दो साल पहले कविता ने आंगनबाडी के अंदर सामान रख कर ताला लगा दिया। अगले दिन कविता को ताला टूटा हुआ मिला व आंगनबाडी से सिलेंडर चोरी हुआ मिला। मामले की जांच करते हुए एएसआई त्रिलोचन ने आरोपी महताब निवासी सैम्पल को गिरफ्तार किया। वारदात में शामिल रहे दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।


रोहतक। परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लेते हुए कुलसचिव प्रो.गुलशन लाल तनेजा।

## परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सोमवार को एमएससी-केमिस्ट्री, एमए-पत्रकारिता एवं जनसंचार, एमएससी-गणित, एमएससी-फिजिक्स, एमए-मनोविज्ञान तथा एमए-गाइडेंस एंड काउंसलिंग आदि पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गई। डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान तथा कुलसचिव प्रो. तनेजा ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर प्रवेश परीक्षाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। प्रो. मान तथा प्रो. तनेजा ने परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित स्टाफ को पारदर्शिता के साथ प्रवेश परीक्षा करवाने की बात कही और स्टाफ को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि 16 जुलाई को 10 बजे से 11:15 बजे तक एमए-राजनीति विज्ञान की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। दोपहर 12:30 बजे से 1:45 बजे तक एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा, दोपहर 3 बजे से शाम 4.15 बजे तक एलएलएम पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।कुलसचिव ने बताया कि 17 जुलाई को एमए-भूगोल, बीपीएड, एमपीएड, एमए-रक्षा एवं सामरिक अध्ययन, एमए-अर्थशास्त्र, एम.लिब साइंस, एमए-फाइन आट्र्स (ड्राइंग एंड पेंटिंग), एमए-एजुकेशन, एमए-म्यूजिक वोकल, एमए-म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल सितार, एमए-योग विज्ञान पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा और 18 जुलाई को एमए-हिन्दी, एम.फार्मेसी-इंडसट्रियल फार्मेसी, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, फार्माकोलोजी, फार्माकोग्नोसी, ड्रग रेगुलेटरी एफेयर्स, एमसीए, एमएससी-कंप्यूटर साइंस, एमएससी-कंप्यूटर साइंस (डाटा साइंस एंड मशीन लर्निंग), एमए-हिन्दू स्टडीज, एमए-अंग्रेजी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा होगी। इस मौके पर पीआरओ पंकज नैन भी मौजूद रहे।

## अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी: धींगड़ा

**रोहतक।** श्री लालनाथ हिन्दू महाविद्यालय में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर रहे। उन्होंने डॉ. मंगल सेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हिन्दू प्रबंध समिति के पूर्व प्रधान राजेश कुमार सहगल ने सभी को पेड़ लगाने व उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। सुदर्शन धींगड़ा ने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. प्रवीन शर्मा स्वयंसेवकों के साथ इस मुहीम को पूरे सप्ताह क्रियान्वित करते हुए समाज को जागरूक करेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अश्वनी खुराना, जितेन्द्र मेहता, प्रदीप सपड़ा, संजय आहूजा, गुलशन राय ढल, श्याम कपूर, अजय निझावन, दिनेश कुमार दुआ, विशाल भाटिया, जतिन लूथरा आदि उपस्थित रहे।



## पौधरोपण कर ही वातावरण को रखा जा सकता है सुरक्षित : बीके प्रेम

रोहतक। पर्यावरण संरक्षण को लेकर नरेंद्रा विहार स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज गीता पाठशाला में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बीके प्रेम बहन ने कहा कि आज का वातावरण दूषित होता जा रहा है, इसे केवल पौधरोपण कर ही सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों के बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है। सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा उनकी देखरेख का संकल्प भी करना चाहिए। पूर्वजों की पुण्यतिथि, बच्चों के जन्मदिन व अन्य उत्सवों पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं ताकि पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता आए। इस अवसर पर मीडिया कॉर्डिनेटर बीके धर्मवीर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## फार्मेसी अधिकारियों ने सौंपा सिविल सर्जन को ज्ञापन, करेंगे प्रदर्शन

**रोहतक।** एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मासिस्ट हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सिविल सर्जन डॉ अनिल बिरला से मुलाकात की और अपना मांग पत्र स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक को सौंपा। एसोसिएशन में जिला के प्रधान रविंद्र शर्मा, शम्मी वर्मा, सरेन्द्र सिंह, श्रीभगवान रोहिल्ला, दिनेश गोयल, दिपिका आदि सभी फार्मेसी ऑफिसर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा यदि सरकार फार्मेसी अधिकारी की जायज मांगों को पूरा नहीं करती है तो वे सरकार व विभाग के खिलाफ रोष प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगें। उन्होंने कहा 18 और 19 जुलाई को काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन किया जाएगा। अगर सरकार और विभाग फिर भी हमारी जायज मांगों पर विचार नहीं करती तो 23 जुलाई को एक घंटे के लिए सुबह 9 से 10 तक पेन डाउन स्ट्राइक की जाएगी।



## पार्कों की देखरेख कर रही आरडब्ल्यूए व एनजीओ के साथ संयुक्त आयुक्त ने की मीटिंग, लापरवाही न हो

**रोहतक।** नगर निगम क्षेत्र में स्थित पार्कों के सौन्दर्यकरण एंव देख-रेख के कार्य में सुधार करवाने के लिए संयुक्त आयुक्त विजय सिंह ने सोमवार को एनजीओ और आरडब्ल्यूए के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने निर्देश दिए किए देखरेख के कार्य को सरकार के नियमों के अनुसार ही किया जाए। पार्कों से कूड़ा उठान का कार्य तुरंत प्रभाव से किया जाए। सफाई के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। आसपास की कॉलोनियों के निवासियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। पार्कों में समय पर सफाई होनी चाहिए। इसके अलावा पेड़ पौधों की देखभाल की जाए। पार्कों के कार्य की देखरेख के कार्य की निगरानी के लिए बागवानी शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे निरंतर निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें।
उन्होंने कहा कि समय समय पर वह खुद पार्कों का निरीक्षण करेंगे। बैठक में आरडब्ल्यूए और एनजीओ के प्रतिनिधियों के सामने आ रही समस्याओं को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। इस दौरान कार्यकारी अभियंता मंदीप धनखड़, नगर अभियंता सुनिल शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक सुन्दर सिंह व हर्ष चावला, कनिष्ठ अभियंता रमन मलिक, सुमित मलिक, सफाई निरीक्षक सचिन, सहायक सफाई निरीक्षक नरेन्द्र, कृष्ण लाल, सुमित फोगाट, प्रदीप व परमजीत तथा सम्बन्धित आरडब्लूए व एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बुनियाद कक्षाएं शुरू



**रोहतक।** मिशन बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9वीं का शुभारंभ जिले में स्थित 5 बुनियाद केंद्रों पर किया गया। सोमवार से सभी बुनियाद केंद्रों में ऑनलाइन कक्षाएं प्रारंभ हो गई। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी रोड में स्कूल प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्वलित किया व बच्चों ने सरस्वती वंदन किया। विद्यालय प्राचार्य ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक व जिला विज्ञान विशेषज्ञ समीर मान ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने बच्चों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को पौधरोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी देखभाल करने क और उन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी दी व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मनजीत मलिक ने प्रधानाचार्य को बुनियाद कक्षा के सुचारू संचालन के लिए निर्देश दिए। विज्ञान विशेषज्ञ समीर मान ने बच्चों से कहा कि अध्ययन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

## बीएड, एमएड, बीएड स्पेशल एजुकेशन तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन पाठ्यक्रमों में एडमिशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विवि से संबद्ध शिक्षण महाविद्यालयों में बीएड, एमएड, बीएड स्पेशल एजुकेशन तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन पाठ्यक्रमों में एडमिशन प्रारंभ हो गए हैं।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सोमवार को बीएड, एमएड, बीएड स्पेशल एजुकेशन तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन पाठ्यक्रमों के एडमिशन प्रास्पेक्ट्स का लोकार्पण किया। वीसी ने बताया कि एमडीयू से संबद्ध शिक्षण महाविद्यालयों (गवर्मेंट एडेड, एसएफएस कालेज) में सत्र 2024-2025 में बीएड, एमएड, बीएड स्पेशल एजुकेशन तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 7 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस ने एडमिशन शेड्यूल के बारे में जानकारी दी। एमडीयू से संबद्ध शिक्षण महाविद्यालयों में बीएड, एमएड, बीएड स्पेशल एजुकेशन तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन पाठ्यक्रमों मपाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पोर्टल 15 जुलाई से 7 अगस्त तक ओपन रहेगा। इन पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन चॉयस फीलिंग तथा लॉकिंग प्रक्रिया 10 तक होगी। आवेदनकर्ताओं की कैटेगरी वाइज प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 13 को डिस्प्ले की जाएगी। एडमिशन फार्म संबंधित विसंगतियां 14 से 16 तक दूर की जाएंगी। विसंगतियां दूर करने के बाद फाइनल मेरिट लिस्ट 20 अगस्त को जारी होगी।

**13 को काउंसलिंग :** एडमिशन के लिए पहली काउंसलिंग 23 अगस्त को, दूसरी काउंसलिंग 31 अगस्त को तथा तीसरी काउंसलिंग 9 सितंबर को आयोजित की जाएगी। कक्षाएं 29 अगस्त से प्रारंभ होंगी। इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, लाइब्रेरियन डा. सतीश मलिक, निदेशक कंप्यूटर सेंटर डा. जीपी सरोहा, प्रो. सुमित गिल, डा. नीरू राठी, डा. अनिल ओहलाण, शैक्षणिक शाखा के सहायक कुलसचिव सुमित अरोड़ा, पीआरओ पंकज नैन, शैक्षणिक शाखा से सहायक नरेन्द्र शीलक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आप नेता इंजीनियर नवीन कोर्ट में पेश

**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सांपला में दर्ज मामले में कोर्ट में पेश हुए। उनके खिलाफ विगत दिनों सांपला पुलिस ने केस दर्ज किया था। 23 सितम्बर 2023 को शहीदी दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में जंतर मंतर पर एक जनसभा कर देश में पैदा हुए राजनैतिक हालात पर देश बचाने के लिए पोस्टर लगाने का आह्वान किया था। इसके बाद इंजीनियर नवीन सांपला और उसकी टीम ने सांपला में बैनर लगा प्रदर्शन किया था। इस दौरान पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की थी। लीगल सेल के जिला प्रधान एडवोकेटर गुरमुख सिंह गिल ने बताया कि इस मामले में नवीन की कोर्ट में पेशी हुई है। उन्हें जमानत पहले ही मिल चुकी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साइज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/- |
| 10×8 सें.मी | | रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साइज पर मान्य। अन्य किसी साइज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### सप्तक के कलाकारों ने नाटक उत्सव में बिखेरे अभिनय के रंग

# सैंया भये कोतवाल नाटक का किया प्रभावशाली मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स रोहतक, पठानिया वर्ल्ड केंपस, जेड ग्लोबल स्कूल और कला और सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा जेड ग्लोबल स्कूल के सभागार में राष्ट्रीय नाटक उत्सव का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय नाटक के चौथे दिन सप्तक के कलाकारों ने सैयां भये कोतवाल नाटक का मंचन किया।

उन्होंने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। बसंत सबनीस द्वारा लिखे गए इस नाटक का निर्देशन विश्वदीपक त्रिखा ने किया जबकि सहायक निर्देशक अविनाश सैनी रहे। नाटक ने भाई-भतीजावाद और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के मुद्दे को बेहद संजीदा तरीके से उठाया और वर्तमान राजनीतिक-सामाजिक व्यवस्था पर गहरे कटाक्ष करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### हवलदार का सपना टूटा

नाटक में एक राज्य के हवलदार की कहानी दर्शाई गई है, जिसका अब कोतवाल बनने का नम्बर है। वह बुजुर्ग कोतवाल के मरने का इंतजार कर रहा है और अपनी प्रेमिका मैनावती से शादी भी कोतवाल बनने के बाद ही करना चाहता है। कोतवाल मर जाता है, लेकिन अय्याश और राजकाज के प्रति लापरवाह राजा की कमजोरी का फायदा उठाकर राज्य का प्रधान अपने गंवार व अयोग्य साले को कोतवाल बना देता है। इस तरह हवलदार का सपना टूट जाता है और वह नए कोतवाल की असलियत राजा के सामने लाकर उसे हटवाने की योजना बनाता है। वह अपने साथी सिपाही तथा मैनावती के साथ मिलकर कोतवाल से राजा की कई सारी चीजें चोरी करवाता है, लेकिन राजा को चोरी का पता तभी चलता है, जब उसका पलंग भी चोरी हो जाता है। तब हवलदार राजा को सारी कहानी बताता है। ऐसी स्थिति पैदा होती है कि कोतवाल खुद सब कुछ अपने मुंह से बक देता है। अंत में राजा को अपनी गलती का ऐहसास होता है और वह राजकाज पर ध्यान देने का वायदा करने के साथ-साथ कोतवाल को पद से हटाकर हवलदार को नया कोतवाल बना देता है। इसके साथ ही हवलदार व मैनावती की शादी हो जाती है और नाटक की हैप्पी एंडिंग हो जाती है।



अविनाश सैनी बने हवलदार-
नौटंकी शैली में खेले गए इस नाटक में हवलदार की केंद्रीय भूमिका अविनाश सैनी ने निभाई। डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने कोतवाल और चेरी गिरधर ने मैनावती की भूमिकाओं को साकार किया। शक्ति सरोवर त्रिखा ने राजा, जगदीप जुगनू ने प्रधान, समीर शर्मा ने सख्या तथा नवदीप ने सिपाही के किरदार निभाए। संगीत विकास रोहिल्ला और सुभाष नगाड़ा का रहा जबकि गायन मंडली में विकास रोहिल्ला और डॉक्टर हरीश वशिष्ठ रहे। प्रोडक्शन तथा वस्त्रसज्जा की जिम्मेदारी जगदीप व समीर ने निभाई।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नलिनी, तरुणपुष्प, नरेंद्र शर्मा, गुलाब सिंह, सुजाता रोहिल्ला, उर्वशी विराट, ज्योति वशिष्ठ, श्रीभगवान शर्मा, कर्नल सिंह, हर्ष, कर्तव्य, गुरदयाल, विक्रमादित्य, हरदीपसिंह, हरीश वशिष्ठ, सर्वजीत अहलूवालिया, वीरेंद्र फोगट सहित अनेक नाटक प्रेमी उपस्थित रहे।